NR-233

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

टावर-2 पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ-226002

पत्रांकः प्रनि- प- 28-2023/5427 दिनांकः लखनऊः सितम्बर 13, 2024

1- समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।
2- समस्त कार्यालयाध्यक्ष, अजनपदीय शाखा पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।
3- समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक उत्तर प्रदेश।

जैसा कि आप सभी अवगत हैं माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा मिशन कर्मयोगी के तहत प्रत्येक विभाग के प्रत्येक स्तर के कार्मिक को उससे सम्बन्धित विभाग में उसे प्रदत्त कर्तव्यों के प्रति भली-भाँति योग्य बनाये जाने एवं विभागीय कार्मिकों को जन सामान्य के प्रति उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षित करने हेतु कर्मयोगी पोर्टल https://igotkarmayogi.gov.in/ एवं कर्मयोगी मोबाइल एप विकसित करवाया गया है।

इस पोर्टल पर समस्त विभागों के कार्मिकों के लिये उत्तम प्रशिक्षण सामग्री छोटे छोटे कोर्स के रूप में उपलब्ध है, जिन्हें कार्मिकों द्वारा स्वतः ऑनलाइन उनके अतिरिक्त समय में कभी भी करने की सुविधा है।

वर्तमान में उ0प्र0 पुलिस द्वारा भी नये कानूनों पर विस्तृत जानकारी हेतु हिन्दी भाषा में वीडियो/पीपीटी इस पोर्टल पर उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

इस पोर्टल पर पंजीकरण एवं प्रशिक्षण सुविधा बिना किसी शुल्क के उपलब्ध है। भविष्य में कार्मिकों द्वारा किये गये कोर्स एवं ऑनलाइन प्राप्त प्रमाण पत्रों का उल्लेख उनकी चरित्र पंजिका/एसीआर में करते हुये रिवार्ड की व्यवस्था भी की जा रही है। कार्मिकों द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण के उपरांत उनके द्वारा प्रतिमाह किये गये कोर्स एवं उससे उनकी क्षमता वृद्धि की भी समीक्षा की जायेगी, जिसे उनकी चरित्र पंजिका/एसीआर पर अंकित किया जायेगा।

अतः आपके अधीन नियुक्त आईपीएस/पीपीएस/अराजपत्रित कार्मिकों के उक्त पोर्टल पर पंजीकरण हेतु निम्न प्रारूप में सूचना अतिशीघ्र पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ को उनकी ईमेल आईडी training@nic.in पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे समस्त कार्मिक उक्त सुविधा का लाभ लेकर अपने विभागीय स्तर को बढ़ाने का कार्य कर सकें।

Sr.no	Pno Number	First Name	Last Name	Designation	Email ID	Phone No	Posting District

13.9.24.

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।